# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–31 मार्च 2025** **सान्ध्य समाचार**

अनधिकृत ई–रिक्शा और ऑटो के खिलाफ कल से प्रदेश भर में अभियान चलाया जायेगा। आम जनता और यात्रियों की सुरक्षा के लिहाज से तीस अप्रैल तक चलने वाले अभियान की रिपोर्ट परिवहन विभाग द्वारा प्रत्येक शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय को उपलब्ध करायी जायेगी। परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह ने बताया कि इस अभियान में यह भी सुनिश्चित किया जायेगा कि ई–रिक्शा या ऑटो की स्टीयरिंग नाबालिगों के हाथों में न हो। अभियान की दैनिक मॉनिटरिंग के लिये अपर परिवहन आयुक्त प्रवर्तन संजय सिंह को मुख्यालय स्तर पर नोडल अधिकारी बनाया गया है।

**********

प्रदेश में एक बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने पांच सौ बयासी न्यायिक अधिकारियों को स्थानांतरित किया है। इनमें दो सौ छत्तीस अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायाधीश, दो सौ सात वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश और एक सौ उन्तालीस कनिष्ठ सिविल न्यायाधीश शामिल हैं। वार्षिक स्थानांतरण का ये आदेश कल शाम इलाहाबाद उच्च न्यायालय के संयुक्त रजिस्ट्रार सतीश कुमार पुष्कर ने जारी किया। सभी अधिकारियों को तत्काल नए स्थान पर पदभार ग्रहण करने का आदेश दिया गया है।

**********

केन्द्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा है कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पद्रह करोड़ महिलाएं अब तक स्तन कैंसर की जांच करवा चुकी हैं। नई दिल्ली में ब्रेस्ट इमेजिंग सोसायटी ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित मिडटर्म बिसिकॉन–2025 को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देशभर में दो सौ डे केयर कैंसर केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जागरूकता की कमी के कारण इस बीमारी के मरीजों की संख्या बढ़ रही है।

**********

बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित विद्यालय कल से खुल जायेंगे। पहले दिन विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया जायेगा और उन्हें किताबें बितरित की जायेंगी। जौनपुर में बेसिक शिक्षा के नये शैक्षिक सत्र का शुभारम्भ राज्य मंत्री गिरीश चन्द्र यादव करेंगे। एक रिपोर्ट–

***नए सत्र के पहले दिन विद्यालयों को आकर्षक रूप से सजाकर छात्रों का स्वागत करने की तैयारी है।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल ने बताया कि नगर पालिका के मैदान पर एक अप्रैल को राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव नए सत्र का शुभारंभ करेंगे। पहले दिन सभी विद्यालयों में पुस्तकों के वितरण का शुभारंभ किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार के लिए राहुल यादव जौनपुर।***

**********

सद्भाव और भाइचारे का त्योहार ईद आज पूरे देश और प्रदेश में उल्लास पूर्वक मनाया जा रहा है। यह त्योहार इस्लाम धर्म के पवित्र रमजान महीने के समापन पर मनाया जाता है। ईद के मौके पर आज प्रदेश भर की ईदगाहों और बड़ी मस्जिदों में नमाज अदा की गई। एक रिपोर्ट–

***प्रदेश में आज ईद की विशेष नमाज शांति और भाईचारे के साथ अदा की गई। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोगों को ईद की बधाई दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संदेश में कहा कि ईद–उल–फितर खुशी और सौहार्द का त्यौहार है। आगरा में, ताजमहल परिसर में मस्जिद में नमाज अदा की गई। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पूरे राज्य में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए। यातायात की आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए सभी प्रमुख स्थानों पर पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया। ओम अवस्थी, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।***

ईद की नमाज अदा करने के बाद से ही लोग अपने रिश्तेदारों और मित्रों से मिल रहे हैं और एक–दूसरे को शुभकामनाएं दे रहे हैं। बाबा विश्वनाथ की नगरी वाराणसी में ईद के मौके पर मस्जिद से नमाज पढ़ कर लौट रहे लोगों पर सनातनी युवकों ने गुलाब की पंखुड़ियां बरसाई। गोरखपुर, कुशीनगर, मिर्जापुर, बलरामपुर, बस्ती, बलिया और अयोध्या सहित प्रदेश के सभी जिलों में ईद का त्योहार सद्भाव और भाइचारे के साथ मनाया गया।

**********

चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन आज मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप माता ब्रह्मचारिणी और तीसरे स्वरूप माता चन्द्रघंटा की पूजा की जा रही है। बलरामपुर स्थित तुलसीपुर में प्रसिद्ध शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर और मिर्जापुर स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ विन्ध्याचल धाम में दर्शन पूजन के लिये आज तड़के से ही भक्तों की भारी भीड़ लगी है। विन्ध्याचल धाम पहुंचने वाले श्रद्धालु त्रिकोण परिक्रमा पथ पर महाकाली मंदिर में भी दर्शन–पूजन कर रहे हैं। वाराणसी में बालाजी घाट पर स्थित मां ब्रह्मचारिणी के मंदिर में आज सुबह से ही भक्तों की कतार लगी हुयी है। मान्यता है कि नवरात्र की द्वितीया तिथि पर यहां दर्शन–पूजन करने पर हर मनोकामना पूर्ण होती है।

**********

म्यांमार और थाईलैंड में आए भूकंप में मृत लोगों की आत्माओं की शांति के लिए कुशीनगर स्थित भगवान बुद्ध के महापरिनिर्वाण मन्दिर में आज बौद्ध भिक्षुओं ने विशेष प्रार्थना की। कुशीनगर बौद्ध भिक्षु संघ के अध्यक्ष भदंत एबी ज्ञानेश्वर ने म्यांमार को दो सौ लाख बर्मी रुपए की धनराशि मदद के लिए प्रदान की है।

**********